बर्षः- 05
अंकः- 299
मुरादाबाद
(Friday)
20 February 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## एआई के लिए क्या है PM मोदी का MANAV दृष्टिकोण?: नैतिकता से राष्ट्र की संप्रभुता पर जोर, भारत की भूमिका भी बताई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट में ÒM.A.N.A.V.Ó विजन पेश करते हुए कहा कि एआई का विकास नैतिक, जवाबदेह, समावेशी और मानव-केंद्रित होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास के लिए 'M.A.N.A.V.' विजन की बात करते हुए कहा कि एआई को नैतिक, जवाबदेह और मानव-केंद्रित होना चाहिए।




उन्होंने बताया कि रूका अर्थ है नैतिक और नीतिपरक प्रणालियां (Moral and Ethical Systems), A का मतलब जवाबदेह शासन (Accountable Governance), N का मतलब राष्ट्रीय संप्रभुता (National Sovereignty), A का अर्थ सुलभ और समावेशी (Accessible and Inclusive), और V का अर्थ वैध और विश्वसनीय (Valid and Legitimate)। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि एआई का विकास मानवता के हित में होना चाहिए और इसे इस तरह विकसित किया जाए कि तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, साथ ही पारदर्शिता, भरोसा और जिम्मेदारी भी सुनिश्चित हो। एआई को वैश्विक स्तर पर साझा हित के रूप में विकसित करने का संकल्प लेना होगा पीएम मोदी ने कहा कि हमें एआई का लोकतंत्रीकरण कर ये सुनिश्चित करना होगा कि मनुष्य केवल डेटा प्वाइंट या रॉ मैटेरियल न बन जाए। उन्होंने कहा कि हमें एआई को खुली छूट देनी होगी, लेकिन साथ ही हमें इसकी बागडोर अपने हाथों में रखनी होगी। उन्होंने कहा कि हमें एआई का लोकतंत्रीकरण कर ये सुनिश्चित करना होगा कि मनुष्य केवल डेटा प्वाइंट या रॉ मैटेरियल न बन जाए। उन्होंने कहा कि हमें एआई को खुली छूट देनी होगी, लेकिन साथ ही हमें इसकी बागडोर अपने हाथों में रखनी होगी। उन्होंने एआई के लोकतंत्रीकरण पर जोर देते हुए कहा, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के लिए हमें इसे समावेशन और सशक्तिकरण का एक उपकरण बनना होगा। पीएम मोदी ने कहा, हमारा मानना है कि एआई से तभी लाभ हो सकता है जब इसे साझा किया जा सके; हमें एआई को एक वैश्विक साझा हित के रूप में विकसित करने का संकल्प लेना चाहिए। एआई के लिए हमारा मानदंड- सभी का कल्याण और खुशी-प्रधानमंत्री ने कहा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक ऐसी ताकत है, जिसकी मदद से तेजी से बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, यह ऐसी शक्ति है जो अगर अपने लक्ष्यों से भटक जाए तो विनाश भी हो सकता है। यदि इसका सही उपयोग किया जाए, तो यह समाधान प्रदान करती है। सभी का कल्याण और खुशी ही एआई के लिए हमारा मानदंड है। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में एआई को मानवता के लिए बड़ा अवसर बताया। उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं पर चर्चा करते हुए इसके सही समझ और सही उपयोग पर जोर दिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के मुख्य सत्र संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पूरी दुनिया से अपील की कि तकनीक के इस दौर में आ रहे बदलावों को मानवता के लिए एक बड़े अवसर में बदलें। पीएम मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सफलता सही समझ और सही काम पर टिकी है। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने एआई के भविष्य को लेकर भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत बुद्ध की धरती है। भगवान बुद्ध ने सिखाया था कि सही काम हमेशा सही समझ से आता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई के लिए एक ऐसा रास्ता (रोडमैप) बनाना जरूरी है, जो सही इरादे और सही समय पर लिए गए फैसलों पर आधारित हो। तभी एआई का असली और सकारात्मक असर दिखेगा। पीएम मोदी ने एक ऐसे एआई इकोसिस्टम की वकालत की, जो संवेदनशील हो और जिसमें इंसान केंद्र में हो। उन्होंने भरोसा जताया कि यह समिट एक नैतिक और जिम्मेदार डिजिटल भविष्य बनाने में मदद करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इंसानों ने हर चुनौती को एक नए मौके में बदला है। आज एआई के रूप में हमारे पास फिर से ऐसा ही मौका है।सहयोग की अहमियत बताते हुए पीएम मोदी ने कोरोना महामारी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि उस संकट के दौरान दुनिया ने देखा कि मिलकर काम करने से नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। वैक्सीन बनाने से लेकर सप्लाई चेन चलाने और लोगों की जान बचाने तक, सब कुछ आपसी सहयोग से ही सफल हुआ। एआई के क्षेत्र में भी दुनिया को इसी तरह साथ आने की जरूरत है।

## यूपी बजट सत्रः शिवपाल बोले- मंत्री जी के नहीं मेरे कहने पर सिंचाई के लिए अफसरों ने छोड़ा पानी

यूपी विधानमंडल का बजट सत्र जारी है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच विपक्ष सरकार को लगातार घेरने की कोशिश कर रहा है। वहीं, सत्ता पक्ष भी पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। बजट में रखरखाव और मेंटीनेंस में कटौती की गई है सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि योगी सरकार की ओर से सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण के लिए पेश किए गए बजट में भ्रष्टाचार, अक्षमता और दिखावटीपन ज्यादा है। कई योजनाओं में वास्तविक व्यय कम हुआ है। रखरखाव और मेंटीनेंस में कटौती की गई है। बजट में बुंदेलखंड और पूर्वांचल के बजट में कटौती की गई है। शिवपाल ने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मैंने सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने के लिए आपको कॉल किया लेकिन पानी नहीं छोड़ा गया फिर मैंने खुद अधिकारियों को फोन किया तो पानी मिला। इतने समय तक मंत्री रहने के बाद भी अधिकारी आपकी नहीं सुनते कहीं तो कमी है। यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश में बाढ़ को नियंत्रित करने के लिए 150 से अधिक परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। बाढ़ नियंत्रण के लिए लगातार



योजनाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है और हर वर्ष 15 जून तक कार्य समाप्त कर लिया जाता है क्योंकि ये माना जाता है कि इसके बाद बाढ़ आ जाती है।यूपी विधान परिषद में सपा ने किसानों के मुद्दे पर सदन से बर्हिगमन कर दिया। जिसके बाद विधान परिषद की कार्यवाही 3.30 बजे तक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी गई।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा के लोगों ने प्रदेश को बीमारू बनाकर रखा था। हमारी सरकार की कोशिशों से अब प्रदेश में बिजली की खपत प्रति व्यक्ति 724 यूनिट हो गई है। यह पहली बार हुआ है जब गरीब उपभोक्ताओं के बिल जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी गई और किसानों के बिजली के बिल माफ किए गए हैं। बिजली के निजीकरण पर की जा रही चर्चाओं पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि हम जो भी करेंगे वो राज्य के जनता के हित में, पिछड़ों के हित में और पिछड़े क्षेत्रों के विद्युतीकरण को ध्यान में रखते हुए करेंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग कर्मचारियों के हित की बात करते हैं लेकिन एक भी कर्मचारी ने हड़ताल नहीं की है।यूपी के ऊर्जा मंत्री ने सदन में बिजली के निजीकरण को लेकर जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब छह साल में एक भी पैसा बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। यह 2017 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब प्रदेश के हर नागरिक तक बिजली पहुंचाने का काम किया गया। अब लोगों को निर्बाध, बिना रुकावट बिजली मिल रही है। यह डबल इंजन की सरकार के कारण ही है कि यूपी देश में पहली बार सर्वाधिक बिजली आपूर्ति करने वाला राज्य बना।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआरपीएफ महानिदेशक बोले- अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है नक्सलवाद, मार्च तक देश से हो जाएगा खत्म

केंद्रीय गृह मंत्री ने मार्च 2026 तक देश से नकस्लवाद खत्म होने की बात कही थी। इस पर सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है।केंद्रीय गृह मंत्री ने पिछले साल एलान किया था कि मार्च 2026 तक देश से नकस्लवाद खत्म हो जाएगा। इसी बीच सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह का एक बयान सामने आया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के घोषणा के अनुसार मार्च तक देश से इस खतरे का उन्मूलन कर दिया जाएगा।

नक्सलवाद ने अंतिम चरण में है गुवाहाटी में बल की डीजी परेड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने पिछले साल अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियानों में नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। जैसा कि हमारे केंद्रीय गृह मंत्री ने घोषणा की है, मार्च 2026 तक इसका पूरी तरह से उन्मूलन हो जाएगा। सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान मणिपुर में सराहनीय काम कर रहे हैं।उन्होंने कहा, हमारी सेना एक निष्पक्ष एजेंसी के रूप में इस क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतने में सक्षम रही है। सीआरपीएफ की वर्षगांठ परेड से पहले डीजी की परेड का आयोजन किया गया, जिसमें शाह शनिवार को शामिल होंगे।

## यूएन महासचिव ने किया आगाह, कहा- एआई को इंसान का विकल्प नहीं, सहारा बनना चाहिए

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को सुरक्षित और समावेशी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एआई इंसानों की जगह न ले और बच्चों के लिए सुरक्षित हो। उन्होंने एआई के विकास के लिए 3 अरब डॉलर के ग्लोबल फंड की मांग भी की। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस गुरुवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल हुए। उन्होंने अपने भाषण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों को लेकर चेतावनी दी। गुटेरेस ने कहा कि एआई को इंसानों की जगह नहीं लेनी चाहिए। इसके बजाय एआई को इंसानी क्षमता बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। एआई के खतरे को लेकर उन्होंने कहा, हमें श्रमिकों में निवेश



करना चाहिए, ताकि एआई इंसानी क्षमता को बढ़ाए, उसे प्रतिस्थापित न करे। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन पर उन्होंने एआई के विस्तार से उत्पन्न होने वाली सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक समस्याओं से निपटने की अपील की। उन्होंने कहा, असली इम्पैक्ट का मतलब है ऐसी तकनीक जो जिंदगी को बेहतर बनाए और धरती की रक्षा करे। आइए, डिफॉल्ट सेटिंग के रूप में गरिमा के साथ सबके लिए एआई बनाएं।ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण पर असर के बारे में उन्होंने कहा, जैसे-जैसे एआई की ऊर्जा और पानी की मांग बढ़ रही है, डेटा सेंटर और सप्लाई चेन को स्वच्छ ऊर्जा पर स्विच करना चाहिए, न कि इसका बोझ कमजोर समुदायों पर डालना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई सभी के लिए सुरक्षित होना चाहिए। इसके लिए लोगों को शोषण, हेरफेर और दुरुपयोग से बचाना जरूरी है।बच्चों पर सोशल मीडिया के बुरे असर को लेकर जारी विवाद के बीच एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, किसी भी बच्चे को अनियंत्रित एआई का परीक्षण विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। गुटेरेस ने कहा, एआई सभी का होना चाहिए। बिना निवेश के कई देश एआई के दौर से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने एआई पर एक वैश्विक फंड की अपनी मांग दोहराई और कहा, हर जगह बुनियादी क्षमता विकसित करने के लिए कौशल, डेटा, सस्ती कंप्यूटिंग शक्ति और सबको साथ लेकर चलने वाले इकोसिस्टम की जरूरत है। उन्होंने एआई वैश्विक फंडिंग के लिए इस बार तीन बिलियन डॉलर का लक्ष्य तय किया और कहा कि तीन बिलियन डॉलर किसी एक टेक कंपनी के सालाना राजस्व के एक प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि यह एआई विस्तार की एक छोटी कीमत है जिससे सभी को फायदा होता है, जिसमें एआई बनाने वाले व्यवसाय भी शामिल हैं। सिर्फ माइक्रोसॉफ्ट हर साल 305 बिलियन डॉलर कमाती है। गुटेरेस ने कहा कि हालांकि एआई असमानता को गहरा कर सकता है

## डीके शिवकुमार और राहुल गांधी पर बरसे भाजपा नेता, कर्नाटक में कचरा विवाद पर छिड़ी सियासी जंग

बेंगलुरु में कचरा विवाद को लेकर भाजपा ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा विधायकों ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और राहुल गांधी पर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि सरकार जनता की समस्याएं सुलझाने में नाकाम रही है।बेंगलुरु में कचरा निपटान को लेकर विवाद काफी बढ़ गया है। कर्नाटक भाजपा के विधायकों ने गुरुवार को कांग्रेस सरकार के खिलाफ तीखी बयानबाजी की। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ बातें कर रही है, लेकिन जमीन पर कोई काम नहीं हो रहा है।क्या बोले भाजपा विधायक?भाजपा विधायक सीटी रवि ने पत्रकारों से कहा कि उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार %ब्रांड बेंगलुरु% की बात करते हैं, लेकिन असल में इसका मतलब भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता को बेवकूफ बना रही है और लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। भाजपा की राज्य कार्यकारिणी बैठक पर भाजपा विधायक सीटी रवि ने



कहा, भाजपा हमेशा संगठन को मजबूत करने और विस्तार के लिए काम करती है। इसकी वजह से हम यहां लोगों से बातचीत कर उनकी बातें आगे ले जा सकते हैं। भाजपा हमेशा सबके साथ खड़ी रहती है। हमारी ताकत ही हमारे कार्यकर्ता हैं। जनता को भी पता है कि कौन सी पार्टी उनका साथ दे रही है।राहुल गांधी पर साधा निशाना- सीटी रवि ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता ही राहुल गांधी को अपना नेता नहीं मान रहे हैं और जनता भी उन्हें नकार रही है। यही वजह है कि उनका गठबंधन लगातार चुनाव हार रहा है। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री मोदी लगातार जनता के हित में काम कर रहे हैं और भाजपा शासित राज्यों के लोग खुश हैं। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर भाजपा का हमला- उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार पर निशाना साधते हुए भाजपा विधायक एस सुरेश कुमार ने कहा, डीके शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री होने के नाते, मुझे लगता है कि उन्हें उन लोगों की हालत समझनी चाहिए। बड़ापुर और महादेवपुरा दोनों जगहों पर, सारा कचरा वहीं जमा हो रहा है और इससे लोगों को दिक्कत हो रही है। इस मुद्दे पर बात करने के बजाय, उन्हें कहना चाहिए था कि मैं विधायकों से बात करूंगा, मैं बस देखूंगा कि यह मुद्दा हल हो जाए। कर्नाटक कचरा विवाद पर भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार खुद भ्रष्ट हो गई है, और इस भ्रष्टाचार में भी पैसा कमाने की होड़ लगी हुई है। कल ही हमने देखा कि उनके नाम पर 10-10 प्लॉट अलॉट किए गए, जिससे गांधी परिवार को फायदा हुआ।

## संपादकीय Editorial

### The War Runway

When Prime Minister Modi landed his C-130J aircraft on the first emergency airstrip in the Northeast, in Dibrugarh, Assam, he became the first world leader and the first head of government. This milestone is a significant achievement and multifaceted. Our Rafale, Sukhoi-30, and Tejas fighter jets also touched down on the emergency runway and then took off. This 40-minute maneuver was witnessed by China, 200 kilometers away, and many countries around the world were alarmed! Prime Minister Modi formally inaugurated the airstrip and witnessed the maneuvers. This landing of the world's first Prime Minister is not just an electoral or political narrative; it is also a demonstration of our defense preparedness, strategic strength, technological capabilities, and, of course, national security shield. It is also an expression of self-reliant India. This air defense front and emergency airstrip are also essential because the style of warfare is changing. Now, the enemy first cripples the enemy's air force by attacking air bases, bases, and targets. During "Operation Sindoor," Indian Air Force fighter jets and missiles attacked and destroyed key Pakistani airbases, leaving deep craters in the airbases, leaving behind a vast expanse of debris. It has been reported that our aircraft destroyed nine enemy airbases, including radars, AEW systems, and other systems, so effectively that conducting air operations from there and preparing the airbases for war would take a long time. Although our relations with China are changing and improving, China remains a rival and untrustworthy country, and a section of the ruling and political establishment within India continues to consider it "enemy number one." Nevertheless, this 4.2-kilometer-long airstrip, built on National Highway 37, at a cost of ?100 crore, will be able to land 40-ton fighter jets and also operate 74-ton transport aircraft. In case of war or any emergency, rescue and military operations will be immediately possible. An emergency airstrip was also built on the Purvanchal Expressway in Uttar Pradesh. The Prime Minister landed there as well. Indeed, such strategic preparations demonstrate that the world of defense production and military strategy has transformed in India. While allocating ?7.85 lakh crore to the Ministry of Defense in the 2026-27 budget may be a national, annual formality, India's own defense production in 2024-25 exceeded ?1.54 lakh crore, a record and 174 percent higher than in 2014-15. India has exported BrahMos missiles, Dornier-228 aircraft, bulletproof jackets, Chetak helicopters, light torpedoes, interceptor boats, and ammunition worth ?23,622 crore to more than 100 countries. Countries like the United States and France are also buyers of our defense equipment. Is this not a reflection of India becoming strategically self-reliant? The Tejas fighter aircraft that participated in the exercise is an indigenous, Indian aircraft. Now, 60% of the Rafale fighter aircraft's components and equipment will be manufactured and produced in India. This is enshrined in the new agreement with France for 114 Rafale aircraft. Therefore, 96 Rafale aircraft will be manufactured in India. The remaining 18 aircraft will be manufactured in France. India has set a target of increasing defense production to ?3 lakh crore and exports to ?50,000 crore by 2029. This year, the budget also includes a capital budget of ?2.19 lakh crore to significantly modernize and strengthen weapons, missiles, aircraft, drones, and other military capabilities. It is noteworthy that increased domestic defense production has reduced dependence on imports. This has enabled the integration of over 16,000 small, micro, and medium enterprises,

# Discussion on AI in the Judiciary, Strengthening the Justice System

The India AI Impact Summit discussed the use of AI in the judiciary, which aims to strengthen India's judicial system. AI can reduce paperwork and aid research and will be based on human discretion. translation and file analysis. Judicial the backlog of cases. It is appropriate intelligence in the judiciary was discussed how machine learning can included legal experts from law firms, in the judicial system will increase in AI is being used in every sphere of While AI is being used in the judicial whether it is achieving the desired



analysis through machine learning, but decisions Under the e-Courts project, AI tools are helpful in reforms are also essential for effective use to reduce and timely that a session on the use of artificial organized at the India AI Impact Summit. It strengthen India's judicial system. Since the event along with jurists, it is expected that the use of AI the future and will also benefit the public. When life, it should also be used in the judicial system. system on a limited scale, it remains to be assessed results. Currently, under the e-Courts project, various AI-based tools are being used in the judicial system. For example, a machine learning tool translates court judgments from English to regional languages. Thousands of judgments have been translated into various languages ??through this. Another tool helps analyze files and find relevant laws and precedents. Similarly, some High Courts are using tools that convert witness statements directly into digital text. AI should be used in the judicial system in a way that increases the chances of people getting timely justice. Of course, AI cannot, and should not, be used for such a purpose. AI cannot replace human judgment, but it can certainly be used to reduce the burden of paperwork. Research, analysis, and data collection can also be performed through AI. Furthermore, it should be understood that the use of AI in the judicial system will only be effective if the required judicial reforms are also implemented. It is essential to put an end to the cycle of adjournments. Similarly, it is crucial to curb frivolous petitions in the name of public interest litigation. It should not be overlooked that while reforms are taking place in every field, fundamental judicial reforms that are necessary are not progressing. As a result, the backlog of cases continues to grow, from district courts to the Supreme Court. Crores of pending cases not only frustrate millions of people but also hinder the nation's progress.

# An effort to shape the AI ??landscape, potentially rebalancing geopolitics.

India hosted the AI ??Impact Summit in New Delhi, symbolizing an inclusive and democratic shift in the global AI discourse. Its goal is to shift the focus of AI from security to the benefit and development of humanity. With the mantra of "AI for Humanity," India seeks to maintain strategic autonomy in an era of technological nationalism while addressing the needs of the Global South. This summit reflects India's aspiration for AI leadership. The AI ??Impact Summit, which began in New Delhi, is not only a milestone on the diplomatic front but also a symbol of a well-planned strategic reorientation. This summit reflects India's desire to influence and democratize the discourse surrounding this emerging technology. Through this event, India seeks to shift the discussion around AI (Artificial Intelligence) beyond abstract concerns of security and




competitive advantage to its impact. Questions like who benefits from it and who doesn't, and who sets the rules of the game? Previous AI-related events have been held in developed countries, and for the first time, such a summit is being held in the Global South. Symbolically, this is also a major shift. In previous events, discussions focused primarily on the development and risks of AI models. In this regard, this event hosted by India will tell a different story. India is striving to redefine AI operations beyond a technical issue to a developmental aspect. This reflects Prime Minister Narendra Modi's mantra of "AI for Humanity," that technology should serve broader public interests rather than the growth of private capital. India's agenda is based on three key pillars: People, Planet, and Progress. These three pillars are divided into seven thematic "cycles" in practical terms. These seven cycles are: democratization of access to computing and data, AI for social impact, safe and reliable AI, AI in manufacturing and supply chains, agriculture and food security, healthcare, and AI for the Global South. This approach highlights AI as a strategic option within the framework of inclusion and sustainability. In this regard, emphasis is also being placed on mini-AI. Mini-AI refers to models that are easy to use, cost-effective, and multilingual, especially in contexts with poor connectivity. With this approach, India seeks to demonstrate that innovation need not necessarily be limited to large-scale and cutting-edge systems. Instead, its vision places utility at the center, including predictive public health models, climate-resilient agriculture, and digitized service delivery. This makes AI not merely a display of corporate prowess, but a tool for strengthening state capabilities. Thus, it becomes a developmental pragmatist, on the one hand, and a geopolitical force, on the other. India's aspiration is not limited to being a compliant with global AI standards; it also seeks to be an active participant in them. With over 3 million AI professionals and the world's third-largest startup ecosystem, New Delhi believes it possesses the demographic and entrepreneurial strengths to steer this discourse. In this context, AI pioneers like Sam Altman's assertion that India has immense potential to become a full-stack AI leader reinforces the belief that the country can lead a broad coalition of emerging economies. The involvement of institutions like the World Bank and the United Nations in this conference also reflects its multilateral orientation. Overall, India is positioning itself on the AI ??landscape as a bridge between Western innovation centers and the operational needs of the Global South, the US-led entrepreneurial ecosystem, and China's extensive, state-controlled ecosystem. A path toward AI governance also reflects India's broader foreign policy orientation. Maintaining strategic autonomy without isolation is at the core of this policy. In this era of technological nationalism, such an approach not only allows for engagement with global power centers but also amplifies the voices of countries in Africa, Southeast Asia, and South America. India's voice on the global stage is also aligned with its domestic policies. In this regard, AI-related initiatives in welfare infrastructure, healthcare, agricultural advisory, and digital governance provide a solid foundation for India's claims. This clearly indicates that India is not merely preaching technological inclusion, but also practicing it. Ambitions always face the test of reality. There is no doubt that India's technological capabilities are still limited. Dependence on foreign countries for its semiconductor supply chain puts technological sovereignty into question. Furthermore, there are issues ranging from algorithmic bias to personal data protection. Therefore, if India is vocal about AI reliability globally, it must also demonstrate regulatory adaptability at home. Therefore, this AI Summit presents both challenges and opportunities for India. If India succeeds, it may be able to rebalance the geopolitics of AI. It is certain that India will not be satisfied with merely occupying a compartment on this AI Express. It also wants to be part of the engine.

# मेरी रूह मुझे सुकून नहीं दे रही... मैं अल्लाह के पास जा रहा हूं; छात्र ने नोट में ये बातें लिख दी जान

एक दिन से लापता छात्र ने बरेली में ट्रेन से कटकर जान दे दी। ठाकुरद्वारा नगर के मोहल्ला वार्ड 26 में रहने वाला रियाज 16 फरवरी से लापता था। छात्र ने सुसाइड नोट भी लिखा था।मेरी रूह मुझे सुकून नहीं दे रही हैं मैं अपने अल्लाह के पास ज रहा हूं। छात्र रियाज बाद बरेली में ट्रेन से कटकर जान दे दी।इसकी जानकारी फरवरी से छात्र लापता था और पुलिस और परिजन उसकी आरिफ कन्फेक्शनरी सेल्समैन का काम करते हैं। उनका भी स्टेनो की तैयारी कर रहा था।रविवार को अचानक उसने वह सुसाइड कर रहा है। इसके बाद वह घर से चला गया था। और परिजनों ने उसकी काशीपुर, जसपुर, रेलवे स्टेशन सहित दोपहर उत्तराखंड के सुल्तानपुर पट्टी में मिली थी। इसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। इसी दौरान बुधवार शाम बरेली में मिलने की जानकारी मिली। कोतवाली के प्रभारी ली है। उनका कहना है कि वह पिछले पांच दिन से सोया भी कराया था।सुसाइट नोट- मैं शुक्रगुजार हूं अपने अम्मी होशो हवास में मैं अल्लाह के पास जा रहा हूं क्योंकि मुझे ही घरवालों का। बस मुझे मेरी रूह सुकून नहीं देती है मेरे ख्वाहिश है मेरी बहन की शादी अच्छे से हो और मेरे अम्मी



ने अपने दोस्त और रिश्तेदारों के मोबाइल पर सुसाइड नोट व्हाट्सएप करने के मिलने पर परिजन और ठाकुरद्वारा पुलिस बरेली के लिए रवाना हो गई है। 16 तलाश में जुटे थे। मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के मोहल्ला वार्ड 24 निवासी मो. इकलौता बेटा रियाज ( 20) बीए में पढ़ता था और नगर के कोचिंग सेंटर पर अपने दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप पर सुसाइड नोट डाला। जिसमें उसने कहा कि परिजनों की सूचना पर पुलिस ने छात्र को तलाश करने की कोशिश की। पुलिस कई जगह तलाश की। उसकी के मोबाइल की अंतिम लोकेशन 16 फरवरी की उसका मोबाइल बंद हो गया और उसका पता नहीं चल सका। परिजन और जीआरपी बरेली से कोतवाली में एक सूचना आई। जिसमें छात्र रियाज के निरीक्षक मनोज परमार ने बताया कि रियाज ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर नहीं था। मानसिक रूप से परेशान था। कुछ दिन पहले परिजनों ने उसका इलाज पापा का। जिन्होंने मुझे इतना प्यार इज्जत सम्मान देखभाल की। मैं रियाज अपने अपने शरीर से नफरत हो गई है मेरे ऊपर न ना तो समाज का दबाव है और न अम्मी पापा बहन को कोई कुछ मत कहना और उनका ख्याल रखना। मेरी पापा हमेशा खुश रहे तुम दुआ करना मेरे लिए बस अल्लाह से मैं जा रहा हूं। अपने अल्लाह के पास मेरे चाचा शोएब, आसिफ, जावेद, अनवर, अकबर, अकबर भाई, फैसल, मुकीम, अकिब, वसीम, मोइन, आरिश, मोनीश, आमिर, शाफेज और मेरे सभी अजीज मेरे घर वालों का ध्यान रखना। अल्लाह हाफिज दोस्तों

# फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' की तीखा विरोध

27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं व यादव समाज के लोगों ने फिल्म पर पाबंदी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। और हीरो-हीरोइन सहित चार लोगों के खिलाफ भकरौली निवासी अरविंद कुमार की तहरीर भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी और अभिनेता में कहा गया कि फिल्म की कहानी से यादव सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। आरोप है कि के युवक की प्रेम कहानी को आपत्तिजनक ढंग रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में प्रदर्शन का विरोध है कि वे फिल्म का प्रदर्शन न करें। धनारी थाना






धनारी थाना पुलिस ने फिल्म के निर्माता, निर्देशक मुकदमा दर्ज कर लिया है।धनारी थाना में गांव पर फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित विशाल मोहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। तहरीर समाज की छवि धूमिल होती है और सांप्रदायिक फिल्म में यादव समाज की लड़की और दूसरे समुदाय से प्रस्तुत किया गया।चेतावनी दी है कि यदि फिल्म किया जाएगा। सिनेमा घर संचालकों से अपील की प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार की शिकायत पर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिनेमाघरों में नहीं चलने दी जाएगी यादव जी की लव स्टोरी

संभल = 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव-जी की लव स्टोरी को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर सपा युवजन सभा कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि फिल्म को किसी भी सिनेमा घर में चलने नहीं दिया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर फिल्म पर रोक लगाने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बुधवार को समाजवादी पार्टी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि फिल्म के फिल्म में यादव जाति का कोई वास्तविक पात्र नहीं है और केवल यादव समाज की छवि खराब करने की नीयत से फिल्म को यह नाम दिया गया है। सपा के जिला महासचिव कृष्णमुरारी शंखधार ने कहा कि जिस प्रकार फिल्म में कथानक प्रस्तुत किया गया है, उससे सामाजिक ताने-बाने को ठेस पहुंची है । सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फिल्म में यादव समाज की बेटी और मुस्लिम युवक की कहानी दिखाई गई है। उनका कहना है कि कहानी से उन्हें आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे लव जिहाद के रूप में प्रस्तुत किए जाने की बात कही जा रही है, जो एक संवेदनशील और विवादित विषय है। ज्ञापन देने वालों में उमेश चंद्र दिवाकर, अरविंद यादव, राहुल यादव, अनूप कुमार, मनीष यादव, ताहिर उल्ला खान, लव कुमार, रवि कुमार, शिवम यादव, पप्पू यादव, मोहित, यादवेंद्र यादव, वीरेश यादव और सूरजपाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुल्हनों को भा रहे सूरत के डिजाइनर ब्राइडल लहंगे

मुरादाबाद। शादी-विवाह के सीजन में शहर के बाजार दुल्हनों के लिए शादी के कपड़े और अन्य सामग्री की खरीदारी से गुलजार हैं। बुधबाजार, टाउन हॉल, चौमुखापुल और ताड़ीखाना समेत अन्य प्रमुख बाजारों में देर रात तक रौनक है। इस बार सूरत के डिजाइनर और जरी-जरदोजी से सजे लहंगे युवतियों को खूब भा रहे हर वर्ग की दुल्हनों को आकर्षित कर रहे हैं। हैंडवर्क और लुक देने वाले लहंगे ट्रेंड में हैं। पारंपरिक लाल और मैरून पसंद किए जा रहे हैं। खासकर खाटली वर्क, सीक्विन, डिजाइन भी चलन में- बुधबाजार के कपड़ा व्यापारी अरविंद दुल्हनें ऐसे लहंगे पसंद कर रही हैं जो शादी के साथ डिजाइन ज्यादा चल रहे हैं। साड़ी और गाउन की भी खूब खरीदारी में पीछे नहीं हैं। बाजार में बनारसी, कांजीवरम, है। कई दुकानों पर रेडीमेड के साथ कस्टमाइज्ड लहंगे आर्डर- ताड़ीखाना बाजार में व्यापारी रोहित बंसल ने गाउन खरीद रही हैं। इस बार पेस्टल और हल्के रंगों की



ब्राइडल लहंगे दुल्हनों की पहली पसंद बने हुए हैं। हैंडवर्क, खाटली वर्क हैं। चार हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक की रेंज में उपलब्ध लहंगे खाटली वर्क की बढ़ी डिमांड- इस बार बाजार में हल्के वजन के साथ हैवी के साथ पेस्टल शेड्स, रॉयल ब्लू, वाइन और फ्यूशिया पिंक रंग भी खूब मिरर वर्क और जरी कढ़ाई वाले लहंगों की मांग अधिक है।एम्ब्रॉयडरी वाला गुप्ता बताते हैं इस बार सूरत के डिजाइनर लहंगों की अच्छी बिक्री हो रही है। रिसेप्शन में भी पहने जा सकें। खाटली वर्क और हैंड एम्ब्रॉयडरी वाले वैरायटी- दुल्हनों के साथ उनकी सहेलियां और परिवार की महिलाएं भी ऑर्गेंजा, सिल्क, नेट और सीक्विन वर्क साड़ियों की भरपूर वैरायटी उपलब्ध और गाउन भी तैयार किए जा रहे हैं। कस्टमाइज्ड डिजाइन के मिल रहे बताया कि दुल्हनों के साथ उनकी बहनें और रिश्तेदार भी मैचिंग साड़ी और मांग ज्यादा है। कस्टमाइज्ड डिजाइन के लिए भी अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं। चार हजार से 30 हजार तक की रेंज- सहालग के चलते दुकानों पर विशेष ऑफर और पैकेज भी दिए जा रहे हैं। लहंगों की शुरुआती कीमत करीब चार हजार रुपये है, जबकि हैवी डिजाइनर ब्राइडल लहंगे 25 से 30 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में अच्छा इजाफा हुआ है। शादी की तैयारियों में जुटी दुल्हनें फैशन और परंपरा का संतुलन बनाए रखते हुए खरीदारी कर रही हैं।

# दो पैन कार्ड मामले में 23 को होगी सुनवाई

रामपुर। दो पैन कार्ड मामले में सजा काट रहे सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की अपील पर अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की सुनवाई 23 फरवरी को होगी।

सपा नेता अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने पिछले दिनों सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात साल की कैद व 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी।

इस मामले में बचाव पक्ष की ओर से सजा के खिलाफ और अभियोजन की ओर से सजा बढ़ाए जाने को लेकर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की गई है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होनी थी

लेकिन वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। एडीजीसी सीमा राणा के अनुसार पैन कार्ड मामले में अब 23 फरवरी को सुनवाई होगी।

# खेलते समय करंट की चपेट में आकर बच्चा झुलसा

रामपुर। गंज कोतवाली क्षेत्र में घर की छत पर खेल रहा बालक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट का तेज झटका लगने से बालक झुलस गया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने नजारा देखा तो होश उड़ गए। बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामला गंज कोतवाली के ग्राम काशीपुर आंगा का है। गांव निवासी मोहम्मद अहमद निजी काम करते हैं। बुधवार को उनका 13 साल का बेटा सानिब छत पर खेल रहा था। छत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी।बताते हैं कि खेलते समय अचानक वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया। सानिब की चीख-पुकार सुनकर परिजन छत पर पहुंचे तो वह कराह रहा था। चेहरा और हाथ-पैर झुलसे हुए थे। आनन-फानन में परिजनों ने उसे उपचार के लिए भर्ती कराया है।

## चीनी मांझे से लहूलुहान हुआ बाइक सवार

रामपुर। शासन-प्रशासन की तमाम सख्ती के बाद भी जिले में चीनी मांझे की बिक्री पर रोक नहीं लग पा रही है। बुधवार को फिर चीनी मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। मांझे से युवक की गर्दन कट गई। परिजनों ने आननफानन युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम दलपुरा निवासी मोहम्मद रसीद मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार को वह किसी काम से रामपुर आया था। काम निपटाने के बाद वह वापस बाइक से अपने गांव जा रहा था।बताते हैं कि गांव के बाहर चीनी मांझा उसकी गर्दन में फंस गया, जिससे गर्दन कट गई। उसकी बाइक भी अनियंत्रित होकर गिर गई। मौजूद ग्रामीणों ने कपड़ा आदि बांधकर खून बंद किया और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। नहीं लग सकी चीनी मांझे की बिक्री पर रोक चीनी मांझा लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। आए दिन मांझे की चपेट में आकर कोई न कोई घायल हो रहा है। कई बार यह मांझा लोगों की जान भी ले चुका है। मकर संक्रांति के मौके पर होने वाली पतंगबाजी के कारण डीएम ने चीनी मांझे की बिक्री पर शिकंजा कसने के आदेश दिए थे। सख्त निर्देश थे कि बिक्री करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद भी बिक्री पर रोक नहीं लगी है। पुलिस ने भी छापेमारी कर औपचारिकता पूरी की। मांझे ने बुधवार को फिर एक युवक की गर्दन काट दी।

## संक्षिप्त समाचार

# रेलवे ने किया दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान

मुरादाबाद । रेलवे ने होली में यात्रियों की सहूलियत के लिए बुधवार को एक जोड़ी और होली स्पेशल ट्रेन संचालित करने की घोषणा की। ट्रेन संख्या 04829 जेयू-गोरखपुर



स्पेशल पांच मार्च, 12, 19, 26 मार्च को कुल चार फेरा चलेगी। वहीं वापसी में गोरखपुर से गाड़ी संख्या 04830 छह मार्च, 13 मार्च, 20 और 27 मार्च को कुल चार फेरा संचालित होंगी। गाड़ी संख्या 04829 सुबह 8=15 बजे मुरादाबाद आएगी और पांच मिनट का स्टॉपेज रहेगा। 8=25 पर रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली, लखनऊ, बस्ती, खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04731 और 04732 राजस्थान के श्री गंगानगर जंक्शन (एसजीएनआर) रेलवे स्टेशन से साप्ताहिक चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 04731 रविवार एक मार्च से 29 मार्च तक कुल पांच ट्रिप चलेगी। इसके अलावा 04732 मंगलवार तीन मार्च से 31 मार्च तक कुल पांच फेरा संचालित की जाएगी।

# रोडवेज बस ने हाईवे पर पुलिस जीप में मारी टक्कर, 50 मीटर तक घसीटा

पीतलनगरी डिपो की रोडवेज बस चालक द्वारा ओवरटेक किए जाने के दौरान पुलिस की सरकारी गाड़ी जीप में टक्कर मारकर करीब पचास मीटर घसीटते हुए ले गया। बाद में पुलिस की सरकारी जीप खंती में जाकर पलट गई। जिसके





चलते चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करके दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया। बुधवार की करीब नौ बजे प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह, चालक जितेंद्र कुमार और हमराह दीपांशु चौधरी के साथ रुद्र-बिलास क्षेत्र में ग्रस्त करके सरकारी जीप से वापस कोतवाली लौट रहे थे। इस दौरान पीतलनगरी डिपो की रोडवेज बस चालक अवनीश कुमार ने सरकारी जीप में पीछे से टक्कर मारकर उसे पचास मीटर तक घसीटते हुए ले गया। बाद में सरकारी जीप अनियंत्रित होकर चीनी मिल के पास हाईवे किनारे खंती में पलट कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना पर ईसानगर चौकी प्रभारी ललित कुमार और रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी चंद्रवीर सिंह मौके पर पहुंच गए। साथ ही मौके पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाद में लोगों ने प्रभारी निरीक्षक तथा पुलिस कर्मियों को जैसे-तैसे गाड़ी से बाहर निकाला गया। जिसके चलते चालक जितेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि प्रभारी निरीक्षक तथा उनके हमराह सकुशल हैं। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक जितेंद्र कुमार की ओर से रोडवेज बस के चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बस को कब्जे में ले लिया है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## वृहद ऋण वितरण शिविर का होगा आयोजन

### जिला उद्योग केंद्र परिसर में बैंको से ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित करने वालों के लगाए जाएंगे स्टॉल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली ।महाप्रबन्धक एवं संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदो में आज 20 फ़रवरी को एक वृहद ऋण वितरण शिविर का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गए है। उक्त शिविर में कृषि एवं एमएसएमई से सम्बन्धित केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं विशेष कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण तथा उक्त योजनाओं के लाभार्थियों के द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टॉल लगाये जाने के निर्देश हैं जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त उद्योग एलडीएम व बैंकर्स के साथ बैठक की गयी जिसमे सभी के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्रों को ऋण वितरण कराएं जाने के निर्देश दिये गए। बैठक में उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि कल शासन के निर्देशानुसार जिला उद्योग केंद्र परिसर में बैंको से ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले पांच लोगों के स्टॉल लगाए जायेंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मा0 मुख्यमंत्री जी की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है जिसको गम्भीरता से लेते हुए लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने समस्त बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि कल दिनांक 20 फ़रवरी को आयोजित होने वाले वृहद ऋण वितरण शिविर में सीएम युवा योजना के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों (सूची संलग्न) के अनुसार लाभार्थियों को ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि योजनान्तर्गत विकसित सीएम युवा मोबाइल ऐप का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए साथ लाभार्थियों को ऐप से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाए। बैठक में उपायुक्त उद्योग सहित लीड बैक अधिकारी व बैंकर्स उपस्थित रहे।




## कलाकारों ने पढ़ाया महिला सम्मान का पाठ

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। निदेशालय सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशक्रम में जिला सूचना अधिकारी बरेली के द्वारा चयनित विकासखंड मझगवां के ग्राम पंचायत, बेहटा बुजुर्ग,मझगवां,निसोई, राधे नगर, मिलक बहादुर गंज, दसीपुर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत वीर विजय नृत्य नाट्य संस्था बरेली के निर्देशक रवि प्रकाश सक्सेना के निर्देशन में पंजीकृत कलाकार गुड्डू सागर, प्रदीप कुमार, आकाश सक्सेना, महेशानंद,आशा दिवाकर, राखी यादव,दीपक चौधरी,विश्राम सिंह, अतुल मौर्य, रमेश अटल ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान,दहेज प्रथा अपराध, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, टॉल फ्री 181,1090,1098,112,जैसे मुख्य पहलुओं पर नाटक मंचित कर मातृशक्ति के सम्मान में सरकार द्वारा स्वचालित योजनाओं के प्रति उपस्थित जनमानस को जागरूक किया। कार्यक्रम के सफल समापन के उपरांत संस्था निर्देशिक रवि प्रकाश सक्सेना ने मझगवां विकास खण्ड अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं समस्त ग्राम प्रधानगण का आभार प्रकट किया।



## बरेली हुए दंगों में इस्तेमाल अवैध असलहों की सप्लाई का पुलिस ने किया खुलासा

### पुलिस टीम ने 2 को किया गिरफ्तार, 7 तमंचे जिंदा कारतूस सहित हुए बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बहेड़ी पुलिस ने जनपद बरेली समेत सीमावर्ती जिलों और उत्तराखण्ड तक अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध असलहे बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 05 अवैध पिस्टल (32 बोर), 36 जिंदा कारतूस, 02 तमंचे (315 बोर व 12 बोर) तथा अन्य सामान बरामद किया गया। यह कार्रवाई थाना बहेड़ी में पंजीकृत मुकदमा संख्या 0122/26 के तहत आर्म्स एक्ट एवं बीएनएस की गंभीर धाराओं में की गई है। शेरगढ़ अड्डे से गिरफ्तारी, हिस्ट्रीशीटर इशरत अली का नेटवर्क बेनकाब थाना बहेड़ी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शेरगढ़ अड्डे से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी थाना बहेड़ी के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर इशरत अली के करीबी सहयोगी हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि बरामद स्विफ्ट कार भी अभियुक्त इशरत अली की है, जिसने इन हथियारों को उत्तराखण्ड के उधमसिंहनगर जिले में सप्लाई कराने के लिए भेजा था। मोबाइल डेटा से बड़ा सबूत, टेस्ट फायरिंग के वीडियो मिले पुलिस ने बताया कि पूछताछ और मोबाइल फोन की जांच में अभियुक्त सोमू खान के फोन से कई वीडियो और फोटो बरामद हुए हैं, जिनमें गिरोह का सरगना इशरत अली अवैध पिस्टलों से टेस्ट फायरिंग करता दिखाई दे रहा है। बरेली दंगों की साजिश में सप्लाई का आरोप, मौलाना तौकीर रज़ा का नाम भी आया सामने इस पूरे मामले में पुलिस ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि दिनांक 26.09.2025 को हुए बरेली दंगों में इस्तेमाल किए गए अवैध हथियारों की सप्लाई इसी नेटवर्क के जरिए हुई थी। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त सोमू खान ने स्वीकार किया है कि उसने फरहत अली और इशरत अली के कहने पर भारी मात्रा में पिस्टल और तमंचे झुमका तिराहा क्षेत्र में गिरोह के आदमी को सौंपे थे। सबसे अहम बात यह है कि पुलिस ने बयान में यह भी उल्लेख किया है कि दंगों के दौरान मौलाना तौकीर रज़ा फरहत अली के घर (5 एन्क्लेव, बरेली) में बैठकर पूरे घटनाक्रम को अंजाम देने में शामिल था। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम तसलीम पुत्र जमील अहमद, निवासी जोखनपुर, थाना बहेड़ी (उम्र 29 वर्ष ) सोमू खान उर्फ औशाफ, निवासी ग्राम बरीपुरा, थाना शेरगढ़ (उम्र 36 वर्ष ) वांछित अभियुक्त इशरत अली (हिस्ट्रीशीटर, थाना बहेड़ी ) फरहत अली गफ्फार (उत्तराखण्ड निवासी) समीर बरामदगी विवरण 05 अवैध पिस्टल 3 2 बोर 36 जिंदा कारतूस02 तमंचे (315 बोर व 12 बोर) 02 कारतूस स्विफ्ट कार क्र25 क्क्क0824 दो मोबाइल फोन पुलिस टीम उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह उपनिरीक्षक राजू कुमार हेड कांस्टेबल कुलदीप कांस्टेबल अंकित सिंह पुलिस का बयान पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों से दंगों में संलिप्तता और अवैध हथियार सप्लाई के संबंध में गहन पूछताछ जारी है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं।






प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### गाय कई दिनों से बीमारी हालत में पड़ी ग्रामीणों ने की देखभाल

